दिन– सोमवार दिनांक– 30 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पटना के गांधी मैदान में बिना इजाजत के छात्र संसद आयोजित करने और हंगामा करने के मामले में इक्कीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज।

02. बिहार में रामायण काल के धार्मिक स्थलों सीता मंदिर और लव–कुश पार्क के विकास पर तीन सौ करोड. रूपये से अधिक की राशि होगी खर्च।

03. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर अंठावन मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा।

04. और, विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर सिक्सटीन प्रतियोगिता में बिहार ने अरूणाचल प्रदेश को एक पारी और तीन सौ बाईस रन से हराया।

---

पटना के गांधी मैदान में बिना इजाजत के छात्र संसद आयोजित करने और हंगामा करने के मामले में जनसुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर समेत इक्कीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं, सात सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। कल बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने धरना प्रदर्शन किया था। बाद में प्रशांत किशोर के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने रोषपूर्ण मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच मामूली झड़प भी हुई। इधर, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा है कि सरकार बीपीएससी अभ्यर्थियों से बातचीत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आंदोलनरत छात्रों को बातचीत के लिए बुलाया है। आज मुख्य सचिव और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत की संभावना है। अभ्यर्थियों ने प्रशासन की अनुमति नहीं होने के बावजूद पटना के गांधी मैदान में बैठक की और पुनर्परीक्षा कराने की मांग को लेकर जोरदार प्रर्दशन किया।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में रामायण काल के धार्मिक स्थलों सीता मंदिर और लव–कुश पार्क के विकास पर तीन सौ करोड. रूपये से अधिक खर्च किये जायेंगे। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार वाल्मीकिनगर में प्रस्तावित लव–कुश पार्क के लिए सत्तानवे करोड़ रूपये देगी।

उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर के निर्माण के लिए केंद्र सरकार नब्बे करोड़ रूपये की राशि देगी। वहीं, राज्य सरकार एक सौ बीस करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध करायेगी। सीता मंदिर का निर्माण पचास एकड़ भूमि में होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पर्यटन के विकास के साथ रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे।

---

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर अंठावन मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यानों की डॉकिंग–अनडॉकिंग यानि जोडने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी–सी सिक्सटी इन दोनों उपग्रह – एसडीएक्स–वन और एसडीएक्स–टू को चार सौ छिहत्तर किलोमीटर की कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

–––कट–––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत पहली बार अगले वर्ष विश्व श्रव्य–दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन – वेव्स की मेजबानी करेगा। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की रचनात्मक प्रतिभा को विश्व के समक्ष रखने का यह महत्वपूर्ण अवसर होगा।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में चार सौ से अधिक नये आधार सेवा केंद्र खोले जायेंगे। बिहार सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि नये आधार केंद्र खुलने से आधार कार्ड बनाने के कार्य में तेजी आएगी। इसके लिए ग्रामीण डाक सेवकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्री कुमार ने कहा कि जनवरी महीने तक आठ हजार डाक कर्मी प्रशिक्षित हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि डाक विभाग ने मार्च, दो हजार पच्चीस तक तीस लाख बच्चों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा है।

---

ग्रामीण क्षेत्रों में बन रही सड़को की गुणवत्ता में सुधार के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने सलाहकार समिति बनाने का निर्णय लिया है। इस समिति में सेवानिवृत अभियंताओं को शामिल किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में ग्रामीण सड़कों की लंबाई एक लाख अठारह हजार किलोमीटर है। विभाग ने सड़कों के निरीक्षण का दायरा बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। मानकों के अनुसार गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष कदम उठाये जा रहे हैं। विभाग ने कहा कि जांच और निरीक्षण के दौरान ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर एजेंसी और संबंधित अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज पटना आयेंगे। दो जनवरी को उन्हें राज्यपाल के पद की शपथ दिलाई जायेगी। राजभवन में आयोजित समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. बिनोद चंद्रण उन्हें शपथ दिलायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चौबीस दिसम्बर को उन्हें बिहार का नया राज्यपाल मनोनीत किया था। इससे पहले वे केरल के राज्यपाल थे।

---

राजधानी पटना और आस–पास के इलाकों में नये साल के जश्न पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही राजधानी के सभी प्रमुख सड़कों और पार्कों में साठ से अधिक मजिस्ट्रेट तैनात किये जायेंगे। पटना के एडीएम, विधि व्यवस्था राजेश रौशन ने बताया कि गंगा पथ, जे.पी. सेतु घाट और चिड़ियाघर पहुंचने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जांच के लिए विभिन्न जगहों पर महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की जाएगी। इधर, पटना जिला प्रशासन ने इकतीस दिसम्बर और एक जनवरी को गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रोक लगा दी है। गंगा नदी में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम गश्त भी करेगी। वहीं, नये साल को लेकर बिहार संग्रहालय की भी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि नये साल पर भीड़ को देखते हुए टिकट के लिए आठ काउंटरों की व्यवस्था की जाएगी।

---

रेलवे ने वंदे भारत, तेजस, राजधानी, संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस सहित चौदह ट्रेनों के परिचालन के समय में बदलाव किया है। यह बदलाव एक जनवरी से लागू होगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वतीचंद्र के अनुसार इनमें आठ वंदे भारत ट्रेन, चौदह मेल–एक्सप्रेस और नौ पैंसेंजर ट्रेन शामिल है। उन्होंने बताया कि तेरह ट्रेनों का मार्ग विस्तार किया गया है, जबकि तीन ट्रेनों की फेरो में वृद्धि की गयी है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यात्री एक सौ उनचालीस नम्बर पर डायल कर समय सारणी में बदलाव से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा रेलवे की वेबसाईट और एप पर भी जानकारी हासिल की जा सकती है।

---

पहाड़ी इलाकों में बर्फवारी के चलते प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान तेज पछुआ हवा के साथ न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पटना का न्यूनतम तापमान सोलह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का अंतिम संस्कार आज दोपहर दो बजे हाजीपुर स्थित कोनहारा घाट पर किया जाएगा। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए पटना स्थित आवास पर रखा गया है। गौरतलब है कि कल दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। वे चौहत्तर वर्ष के थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी।

---

सीमा शुल्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, गया के अधिकारियों ने साढे आठ करोड़ रूपये के मादक पदार्थ जब्त करने के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। सीमा शुल्क आयुक्त डॉ. यशोवर्द्धन पाठक ने बताया कि बीते शनिवार थाईलैंड के बैंकॉक से आने वाले एक यात्री के बैग से आठ किलोग्राम मादक पदार्थ, मारिजुआना बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि सीमा शुल्क निवारण पटना द्वारा मारिजुआना की यह सबसे बड़ी जब्ती है।

---

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भारतमाला प्रोजेक्ट कैंप पर फायरिंग और हमला मामले में औरंगाबाद पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए अपराधी झारखंड के पलामू जिले के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने बताया कि अपराधियों के पास से दो देसी पिस्तौल और सात जिन्दा कारतूस बरामद किये गये हैं। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

भुवनेश्वर में खेले गए विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर सिक्सटीन प्रतियोगिता के मैच में बिहार ने अरूणाचल प्रदेश को एक पारी और तीन सौ बाईस रन से हरा दिया है। बिहार के बल्लेबाज प्रीतम राज ने दो सौ सतहत्तर गेंदों में सात छक्के और चौवालीस चौकों की मदद से तीन सौ चार रन बनाए। वहीं, मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में सत्यम राज ने पांच विकेट, जबकि दूसरी पारी में सत्यम राज, मोहित कुमार और अनिमेश राज ने तीन–तीन विकेट लिये।

अड़सठवीं नेशनल स्कूल गेम्स रग्बी अंडर–सेवेंटीन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बिहार ने जीत लिया है। पटना के पाटलिपुत्र स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बालिका टीम ने ओडिशा को सत्रह–शून्य से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। वहीं, बालक वर्ग का खिताब भी बिहार की टीम ने जीत लिया है।

इधर, अस्मिता खेलो इंडिया महिला खो–खो लीग प्रतियोगिता में बिहार ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली ने मेजबान बिहार को उनाचलीस–अट्ठाईस के अंतर से हराया।

---

अखबारों की सुर्खियां....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है – आचार्य किशोर कुणाल का निधन।

**दैनिक जागरण** ने बीपीएससी की परीक्षा रद्द करने की मांग से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज–पानी की बौछार।

**दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है – मुंडेश्वरी मंदिर की अनदेखी, सत्रह सौ साल पुराने मंदिर के गुम्बद से टपक रहा पानी।

**प्रभात खबर** लिखता है – दक्षिण कोरिया में विमान धू–धू कर जला, एक सौ उनासी की गयी जान।

**राष्ट्रीय सहारा** का शीर्षक है – डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना में विसर्जित।

**आज** अखबार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– डिजिटल महाकुंभ के साक्षी बनेंगे देश और दुनिया के श्रद्धालु।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पटना के गांधी मैदान में बिना इजाजत के छात्र संसद आयोजित करने और हंगामा करने के मामले में इक्कीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज।

02. बिहार में रामायण काल के धार्मिक स्थलों सीता मंदिर और लव–कुश पार्क के विकास पर तीन सौ करोड. रूपये से अधिक की राशि होगी खर्च।

03. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर अंठावन मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा।

04. और, विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर सिक्सटीन प्रतियोगिता में बिहार ने अरूणाचल प्रदेश को एक पारी और तीन सौ बाईस रन से हराया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।